बेसमेंट खुदाई की मिट्टी सड़क पर डालने से हालात बिगड़े

बिना अनुमति बेसमेंट निर्माण का आरोप, मामला खाटूश्याम नगर कॉलोनी का

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 28 जनवरी। शिवपुरी शहर की खाटू श्याम कॉलोनी में चल रहा एक निजी निर्माण कार्य कॉलोनीवासियों के लिए गंभीर खतरे का कारण बन गया है। कॉलोनी के दर्जनों निवासियों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका को शिकायत सौंपते हुए सड़क पर फैली काली मिट्टी हटाने, टूटी हुई बाउंड्री की मरम्मत कराने तथा बेसमेंट (तलघर) निर्माण की वैध अनुमति की जांच कराने की मांग की है।

कॉलोनी निवासी अजय शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में दीपक गुप्ता द्वारा बेसमेंट का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान बेसमेंट के ऊपर बनाई गई बाउंड्री टूट चुकी है, जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहन सीधे गहरे गड्ढे में गिर सकते हैं। यह मार्ग कॉलोनी का मुख्य रास्ता है, जहां से प्रतिदिन बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं आवाजाही करते हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

अजय शर्मा के अनुसार, बेसमेंट की खुदाई से निकली काली मिट्टी को कॉलोनी की मुख्य सड़क पर ही डाल दिया गया है। बारिश के कारण यह मिट्टी गीली होकर अत्यधिक फिसलन भरी हो गई है। स्थिति यह है कि दोपहिया वाहन चालक लगातार फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। बारिश के चलते दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है।

इस लापरवाही का असर कॉलोनी के करीब 300 परिवारों पर पड़ रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि संभावित हादसे के डर से स्कूल बस को इस रास्ते से आने से मना कर दिया गया है। मजबूरी में अभिभावक अपने बच्चों को मुख्य मार्ग तक पैदल छोड़ने जा रहे हैं, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई और कोई बड़ा हादसा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित निर्माणकर्ता और प्रशासन की होगी। उन्होंने मांग की है कि सड़क से काली मिट्टी तत्काल हटवाई जाए, टूटी हुई बाउंड्री की मरम्मत कराई जाए, बेसमेंट निर्माण की अनुमति की जांच हो और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। मामले को लेकर दर्जनों कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन एडीएम को सौंपा। इस पर एडीएम ने शीघ्र ही मौके का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया है।

90 वाहन चालकों से 31 हजार का जुर्माना वसूला

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 28 जनवरी। यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिले भर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसौद पुलिस द्वारा एक ही दिन में यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 90 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 31 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में यातायात सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरसौद उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया द्वारा अपनी टीम के साथ खोरघार तिराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 90 वाहनों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटे गए। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने के 70 चालान, जिनसे 21,000 रुपये, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के 20 चालान, जिनसे 10,000 रुपये, का समन शुल्क वसूला गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सिरसौद उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश भिलाला, ब्रजपाल सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिनोरिया, बलवंत पाल, सत्यवीर जादौन, बृजेंद्र गुर्जर, आरक्षक मुकेश परमार, प्रांशु जादौन, शत्रुघ्न यादव एवं चालक आरक्षक रमेश कमल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

शिवपुरी नगर की टीम विजेता बनी एवं लुकवासा उपविजेता रही

नवभारत न्यूज

बदरवास,28जनवरी । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बल उपासना आयाम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के शारीरिक मानसिक विकास एवं साहस के उद्देश्य से स्वदेशी खेल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। यह प्रतियोगिता देशभर में चल रहे राष्ट्रीय अभियान के तहत आयोजित की गई, शिवपुरी जिले में आयोजित इस खेल महोत्सव में 8 में से पांच प्रखंडों शिवपुरी नगर, शिवपुरी ग्रामीण, कोलारस, बैराड़ एवं लुकवासा की टीमों ने भाग लिया, रोमांचक मुकाबले में शिवपुरी नगर की टीम विजेता बनी एवं लुकवासा टीम

उपविजेता रही। विजेता टीम आगामी 29 जनवरी को भोपाल में होने वाली प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी, कबड्डी महोत्सव के मुख्य अतिथि विभाग संगठन मंत्री राजा सिसोदिया ने हनुमान जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं बल्कि शरीर और मन को मजबूत बनाने का साधन है शारीरिक रूप से सशक्त युवा ही देश की सेवा कर सकते हैं और आने वाली सामाजिक व राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल अनुशासन और संस्कार के माध्यम से आत्मनिर्भर, सशक्त और संगठित बनने का संदेश दिया, इस अवसर पर विभाग मंत्री नरेश ओझा,सह मंत्री संजय शर्मा, विभाग संयोजक उपेंद्र यादव, जिला मंत्री विनोद पुरी, सह मंत्री मुकेश यादव,जिला संयोजक सुनील राठौर, सह संयोजक निरपेंद्र गोस्वामी, जिला बल उपासना प्रमुख रमेश कुशवाह,सह बल उपासना प्रमुख नीतेश बघेल, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख सचिन माझी,सह सामाजिक समरसता प्रमुख प्रवीण पवार, नगर मंत्री प्रतीक राठौर, नगर संयोजक रामसेवक गुर्जर, लुकवासा प्रखंड अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी सहित सभी प्रखंडों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं कबड्डी टीमें मौजूद रहीं।

पीएमश्री विद्यालय में पाठ्यचर्या लक्ष्यों पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

करैरा, 28 जनवरी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन, आईटीबीपी करेरा में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा (एनसीएफ) के अंतर्गत फाउंडेशनल स्टेज के 13 पाठ्यचर्या लक्ष्यों पर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रभावी ढंग से लागू करना था।

कार्यशाला में शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, भाषा एवं साक्षरता विकास, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक विकास, सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास तथा सकारात्मक अधिगम आदतों से संबंधित पाठ्यचर्या लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से बच्चों में भावनात्मक समझ, सामाजिक व्यवहार, प्रकृति के प्रति सम्मान तथा सेवा भाव विकसित करने पर बल दिया गया।विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत द्वारा शिक्षकों को इन लक्ष्यों को कक्षा शिक्षण, गतिविधि-आधारित अधिगम और दैनिक विद्यालयी क्रियाकलापों में समाहित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला समन्वयक दानसिंह कारपेंटर ने बताया बैठक में सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए।

कार्यशाला संसाधक निकेता पाल द्वारा बताया गया विद्यालय परिवार ने बच्चों के लिए आनंदपूर्ण, समावेशी और प्रभावी शिक्षण वातावरण विकसित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

गोविन्द अनुज का गजल संग्रह उम्र के यूं बिखर गए कतरे पुरुष्कृत

शिवपुरी। अखिल भारतीय नवकिरण हिन्दी साहित्य सेवा ट्रस्ट पंजीकृत बस्ती उ, प्र, द्वारा प्रतिवर्ष प्रदाय किए जाने वाले नवकिरण साहित्य साधना सम्मान 2025 की बहुप्रतीक्षित घोषणा कर दी गई है। संस्था के संयोजक लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं सह संयोजक डा, उमेश चन्द्र सिरसवारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार स्व, नवल-किशोर श्रीवास्तव स्मृति गज़ल साधना सम्मान 2025 इस बार शिवपुरी के बरिष्ठ साहित्यकार गजलकार गोविन्द श्रीवास्तव अनुज को प्रदाय किया जाएगा। गोविन्द श्रीवास्तव अनुज को यह सम्मान 2023 में अयन प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित उनके गजल संग्रह उम्र के यूं बिखर गए कतरेके लिए दिया जाएगा। इस हेतु श्री गोविन्द अनुज को शाल श्रीफल प्रशस्ति-पत्र के साथ साथ 5100 रू,की नकद राशि भेंट की जाएगी। यह सम्मान, पुरस्कार प्रयाग राज उ, प्र,की श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव पत्नी अशोक श्रीवास्तव कुमुद द्वारा अपने पिता श्री की स्मृति में प्रति वर्ष प्रदाय किया जाता है। सम्मान समारोह की अवधि तथा स्थान यथा समय सूचित किया जाएगा।

अतिक्रमणकारियों पर टूटेगा प्रशासन का कहर

बुलडोजर से होगी सफाई

नवभारत न्यूज

पोहरी, 28 जनवरी। पोहरी नगर में वर्षों से सड़क पर जमे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अब प्रशासन ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। नगर में चल रहे शिवपुरी श्योपुर रोड़ (सड़क) के नवीन निर्माण कार्य में चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब कोई मोहलत नहीं दी जाएगी, सीधे बुलडोजर कार्रवाई होगी।

एसडीएम अनुपम शर्मा के निर्देशन में तहसीलदार लज्जाराम राजोरिया द्वारा पहले ही अतिक्रमण चिन्हित कर लाल निशान लगाए जा चुके हैं। अतिक्रमणकारियों को दो बार नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोगों ने प्रशासन के आदेशों की खुली अवहेलना करते हुए कब्जे नहीं हटाए। एसडीएम अनुपम शर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि जहां तक लाल निशान लगाए गए हैं, वहां तक प्रशासन स्वयं बलपूर्वक अतिक्रमण

हटाएगा। किसी भी नेता, सिफारिश या राजनीतिक दबाव में प्रशासन झुकने वाला नहीं है। कानून सबके लिए समान है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को पर्याप्त पुरुष एवं महिला पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं थाना प्रभारी पोहरी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी को एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मौके पर हिटेची मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं आवश्यक श्रमिकों की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

प्रशासन के इस ऐलान के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं सूत्रों की मानें तो कुछ लोग अब भी राजनीतिक संरक्षण के भरोसे बैठे हैं, लेकिन प्रशासन ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम और हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्रवाई दिखावटी न होकर पूरी तरह निष्पक्ष, कठोर और स्थायी हो।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन अपने ऐलान के मुताबिक बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जों को जड़ से हटाएगा, या फिर हमेशा की तरह राजनीतिक दबाव एक बार फिर कानून पर भारी पड़ेगा?

नरवर नगर में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया

नवभारत न्यूज

नरवर, 28 जनवरी। तहसील कार्यालय पर तहसीलदार संतोष कुमार धाकड द्वारा झंडा फहराया गया युक्त अवसर पर हनीफ खान रजिस्टार के अलावा समस्त तहसील स्टाफ गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित था तथा राष्ट्रीय गीत के साथ झंडा बंदन किया गया तथा नरवर जनपद कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गौरव पाल द्वारा झंडा फहराया गया तथा थाना नरवर पर थाना प्रभारी विनय यादव द्वारा झंडा फहराया जाकर तिरंगे को सलामी दी गई तथा संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर प्राचार्य धनीराम कुशवाहा एवं समस्त स्टाफ द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया तथा नरवर नगर का मुख्य महोत्सव कार्यक्रम संदीपनी विद्यालय के प्रांगण में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रियंका गौरव पाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा नरवर नगर के समस्त स्कूलो के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गई युक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती पदमा महेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष ,अतिथि गोपालसिह पाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष, सगीर अहमद खान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ,इमरत सिंह कुशवाह मंडल अध्यक्ष, धृवसिह कुशवाहा एडवोकेट, राकेश सोनी पार्षद, मुलायम सिंह कुशवाहा पार्षद, संजय हरसाना कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, बसरअली , वीईओ रामकृष्ण शिवहरे, प्राचार्य धनीराम कुशवाहा, बीआरसीसी प्रदीप अवस्थी, पीएम श्री कन्या प्राचार्य रविंद्र प्रताप सिंह ठाकुर, नवल सिंह गुर्जर ,राजेंद्र सोनी, सुरेंद्र कोली आदि उपस्थित थे तथा मंच का संचालन पवन सिंह वैस द्वारा किया गया , नरवर नगर के एक दर्जन से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुतीयां प्रस्तुत की गई जिसमें प्रथम विजेता स्कूल शुभम कान्वेंट स्कूल, द्वतीय शासकीय पीएम कन्या विद्यालय, तृतीय अशासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरवर के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाकर पुरस्कार प्रदान किए गए।

नर्सिंग ऑफिसर्स के वेतन निर्धारण का मार्ग प्रशस्त

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के नर्सिंग ऑफिसर्स के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरा फैसला सामने आया है। लंबे समय से लंबित वेतन निर्धारण से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने आईएफएमआईएस पोर्टल पर आवश्यक तकनीकी सुधार करते हुए वेतन निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे प्रदेश के सभी नर्सिंग कर्मचारियों को उनके निर्धारित वेतनमान का लाभ मिल सकेगा। यह सफलता नर्सिंग संवर्ग के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे प्रदेश नर्सिंग प्रतिनिधि शिवराज सिंह राजपूत के अथक प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। श्री राजपूत लंबे समय से वेतन निर्धारण में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों को लेकर शासन स्तर पर लगातार ज्ञापन, संवाद और पैरवी करते रहे। नर्सिंग हितों की रक्षा के लिए शिवराज सिंह राजपूत ने अपने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर एक बड़ा संदेश दिया। उनका यह कदम नर्सिंग समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत बना। उनके त्याग और अडिग संकल्प का ही परिणाम है कि आज हजारों नर्सिंग ऑफिसर्स के वेतन निर्धारण का रास्ता साफ हो सका है।

30 दिवसीय स्वरोजगारोन्मुखी बेकरी प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 28 जनवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित 30 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी बेकरी प्रशिक्षण का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में नवाचार को अपनाते हुए मोटे अनाज से विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पाद तैयार करना सिखाया गया।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के कौशल-आधारित प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में उपस्थित सी.ए. शशांक बंसल ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित वित्तीय प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक, सुमन बेकरी के संचालक श्री गोपाल राठौर ने बेकरी स्वरोजगार से जुड़ी किसी भी प्रकार की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. एस.एस. खंडेलवाल ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मंच पर महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. पुनीत कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी.पी. शर्मा एवं डॉ. मंजूलता गर्ग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण एवं परीक्षा में सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं प्रशिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टीपीओ डॉ. ममता रानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

राहवीर मो . सुहैल ख़ान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

शिवपुरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिवपुरी जिला मुख्यालय स्थित भव्य समारोह में देशभक्ति के साथ-साथ मानवता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान समारोह का मुख्य आकर्षण राहवीर योजना के तहत किया गया सम्मान रहा। सड़क दुर्घटना में घायल नागरिकों के लिए देवदूत बनकर आए मो. सुहैल खान को उनकी बहादुरी और त्वरित निर्णय क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। सुहैल ने सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई थी। उनकी इस निस्वार्थ सेवा को देखते हुए, फास्ट समाचार के संपादक एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अजय राज सक्सेना की अनुशंसा पर जिला प्रशासन ने उन्हें इस गरिमामय मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

प्रदेश में यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक हड़ताल

भोपाल,27 जनवरी. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशव्यापी बैंक हड़ताल के दौरान भोपाल में भी बैंककर्मियों ने व्यापक और प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया.

एमपी नगर स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स हड़ताल का प्रमुख केंद्र बना, जहां 5000 से अधिक बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने '5-दिवसीय बैंकिंग लागू करो' और 'बैंककर्मियों के स्वास्थ्य और सम्मान से समझौता नहीं' जैसे नारे लगाकर सरकार और बैंक प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि कर्मचारियों की मांगों को अब टाला नहीं जा सकता.

नेतृत्व और भागीदारी

हड़ताल का नेतृत्व यूएफबीयू के संयोजक संजीव कुमार मिश्रा, मध्यप्रदेश अध्यक्ष सुबीन सिन्हा एवं सेक्रेटरी दिनेश झा, तथा भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ भोपाल सर्कल के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया. इस अवसर पर

कई वरिष्ठ नेताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख नाम हैं: वीरू शर्मा, दीपकरत्न शर्मा, संजय कुदेशिया, नज़ीर कुरेशी, शोभित वादेल, प्रवीण मेघानी, वी.एस. नेगी, सुनील सिंह. मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर भी एआईबीओसी के बैनर तले बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया. जिला एवं अंचल मुख्यालयों पर प्रदर्शन से यह स्पष्ट हुआ कि बैंककर्मियों की मांगें केवल स्थानीय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की साझा आवाज़ हैं.

नेताओं का मुख्य संदेश: नेताओं ने कहा कि 5-दिवसीय बैंकिंग सिर्फ कर्मचारियों की सुविधा नहीं, बल्कि बेहतर ग्राहक सेवा, जोखिम प्रबंधन और स्वस्थ कार्य संस्कृति के लिए आवश्यक है. उन्होंने सरकार से मांग की कि बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविकता को समझते हुए कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और अधिक व्यापक और तीव्र किया जाएगा.

भारी संख्या में कर्मचारियों ने दिया समर्थन

अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग की भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भी आंदोलन में भाग लेकर हड़ताल को और मजबूत बनाया . प्रमुख सहभागी नामों में शामिल हैं : रजनीश पौराणिक, सुरेश बाबू मीणा, अरविंद पंडियार, क्षितिज तिवारी, निर्भय सिंह, अंबरिश नंदा, दीपक शुक्ला, सुमित कुमार, कपिला मेघानी, दीपमाला शीतल, शिवा मोहन मिश्रा, रोहित यादव आदि .

हाथियों के झुंड ने मवेशियों को मारा

अनूपपुर. खांडा गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाया और वहां बंधे दो मवेशियों को मार डाला. इसके साथ ही खेतों में लगी फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से इलाके में घूम रहे तीन हाथियों के झुंड ने बलराम के मवेशियों पर हमला कर दिया. हाथियों ने एक गर्भवती गाय और एक बैल को पैर या सूंड से मारकर मौत के घाट उतार दिया. गनीमत रही कि बाकी मवेशी अपनी रस्सी तोड़कर जंगल की ओर भाग निकले और उनकी जान बच गई.